

■ गिल-पंत एक अर्धशतक तक नहीं जड़ पाए ■ कोहली- रोहित भी हो रहे फ्लॉप ■ जडेजा बोले-निचले क्रम पर बढ़ रहा है दबाव

# भारत की चिंता बढ़ा रहा शीर्ष क्रम

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी

**एजेंसी/प्रतिदिन अखबार**

**मेलबर्न, 22 दिसंबर** - भारतीय शीर्षक्रम टीम प्रबंधन की चिंता बढ़ा रहा है. उनकी नाकामी टीम के लिए भारी पड़ रही है. ओपनिंग जोड़ी केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल को छोड़ दिया जाए तो शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाज रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं. यहां तक की ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में जीत के अहम भूमिका निभाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और शुभमान गिल भी कंगारुओं के सामने बेदम साबित हो रहे हैं.

दोनों में कोई भी एक अर्धशतक तक नहीं जड़ पाया. कप्तान रोहित शर्मा तीन पारियों में मात्र 19 रन बना पाए हैं. स्टार हरफनमौला रवींद्र जडेजा ने भी शनिवार को माना कि शीर्षक्रम के रन नहीं बनाने से निचले क्रम पर दबाव बनता है. उन्होंने बाक्सिंग डे टेस्ट में बललेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है.

जडेजा ने कहा, भारत के बाहर खेलने पर शीर्षक्रम के रन काफी महत्वपूर्ण है खासकर ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में. जब शीर्षक्रम रन नहीं बनाता है तो निचले क्रम पर दबाव बन जाता है. उम्मीद है कि इस टेस्ट में शीर्षक्रम और मध्यक्रम अच्छे रन बनाएगा. हमें शीर्षक्रम से अच्छे प्रदर्शन की जरूरत है. अगर बल्लेबाजों में सभी योगदान देंगे तो टीम का प्रदर्शन बेहतर होगा. ब्रिस्बेन में केएल राहुल (84) को छोड़कर भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके.

**नेट पर होमवर्क से मिली मदद :** पहले दो टेस्ट से बाहर रहे जडेजा को ब्रिस्बेन के गाबा स्टेडियम में मौका दिया गया था. जडेजा ने कहा कि पहले दो टेस्ट से बाहर रहने से उन्हें हालात के अनुकूल ढलने और गाबा टेस्ट की तैयारी का समय मिल गया. उन्होंने कहा, मुझे यहां के हालात के अनुकूल खुद को ढालने के लिए काफी समय मिला. मैं बहुत दिन से यहां हूं और लगातार बल्लेबाजी और गेंदबाजी का अभ्यास कर रहा हूं, इसलिए हालात को समझ गया हूं. नेट पर होमवर्क से मुझे काफी मदद मिली.




## जडेजा पर बिफरा ऑस्ट्रेलियाई मीडिया



ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने जडेजा पर उनके सवालों का अंग्रेजी में जवाब देने से इनकार करने का आरोप लगाया है. प्रेस कांफ्रेंस जब खत्म हो रही थी उसी वक्त एक रिपोर्टर ने कहा, अंग्रेजी में एक सवाल पूछना था? इस पर भारतीय टीम के मैनेजर ने कहा, सॉरी हमारे पास अब समय नहीं है. आप देख रहे हैं कि टीम बस इंतजार कर रही है. पत्रकार ने फिर कहा, क्या हम एक सवाल अंग्रेजी में नहीं पूछ सकते? फिर मैनेजर ने जवाब दिया,यह प्रेस कांफ्रेंस मुख्य तौर पर भारतीय मीडिया के लिए थी. इस पर ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार बौखला गया.

तीन टेस्ट के बाद एक-एक से बराबरी पर रहना अच्छा है. अगले दो मैच काफी अहम होंगे. अगर हम एक टेस्ट जीत जाते हैं तो ट्रॉफी हमारे पास रहेगी क्योंकि पिछली दो बार हमने जीती है. **- रवींद्र जडेजा**

### नितिश दिखा रहे दम

जबकि, पहली बार टेस्ट टीम में खेलने वाले युवा ऑलराउंडर नितिश कुमार रेड्डी ने ना सिर्फ इन चारों से ज्यादा रन बनाए हैं बल्कि 250 के करीब गेंदें भी खेल चुके हैं. नितिश ने 248 गेंदों का सामना कर 44.75 की औसत से 179 रन बनाए हैं. यही नहीं उन्होंने सीरीज में सर्वाधिक सात छक्के भी जड़े हैं.

### पंत, रोहित, विराट और गिल ने खेली 509 गेंद

भारतीय बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया की उछाल भरी पिच पर टिक नहीं पा रहे. दुनिया के धुरंधर बल्लेबाजों में शुमार कोहली (200), रोहित (65), पंत (160) और गिल (84) मिलकर सिर्फ 509 गेंद खेल पाए हैं. वहीं राहुल ने 470 गेंद खेलकर 235 रन बनाए हैं.

### अभ्यास के दौरान केएल राहुल के हाथ में लगी गेंद

केएल राहुल को शनिवार को नेट्स पर बल्लेबाजी करते समय दाहिने हाथ में गेंद लग गई. उन्हें कुछ असहजता महसूस हुई. मेहमान टीम के फिजियो ने उनका इलाज किया. चोट की गंभीरता पर कोई स्पष्टता नहीं है. सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में राहुल को उपचार के दौरान दाहिना हाथ पकड़े देखा गया.



मेलबर्न - 26 दिसंबर से शुरु होनेवाले बॉक्सिंग डे क्रिकेट टेस्ट मैच के पूर्व नेट पर अभ्यास के दौरान फुर्सत के क्षणों में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रित बुमराह और मो.सिराज.

# बुमराह ने मैकस्वीनी के टेस्ट करियर को दे दिया झटका!

**टीम से बाहर होने पर टूट चुके हैं ऑस्ट्रेलियाई ओपनर नाथन**



चांस मिलने पर अच्छा नहीं खेलेंगे तो जगह सेफ नहीं है. मैं चूक गया, पर अब फिर मेहनत करके टीम में दोबारा जगह बनाऊंगा. - नाथन मैकस्वीनी

**एजेंसी/प्रतिदिन अखबार**

**मेलबर्न, 22 दिसंबर** - डेविड वॉर्नर के संन्यास के बाद से ऑस्ट्रेलियाई टीम की नए ओपनर की तलाश अभी भी जारी है. ऑस्ट्रेलियाई सिलेक्टर्स ने नाथन मैकस्वीनी को इस पोजिशन के लिए चुना. लेकिन तीन टेस्ट के बाद ही मैकस्वीनी को टीम से बाहर का रास्ता भी दिखा दिया. सिलेक्टर्स के रवैये से वह निराश हैं. मैकस्वीनी ने कहा कि वह बॉर्डर-गावसकर ट्रॉफी के आखिरी दो मैचों के लिए टीम में जगह नहीं मिलने से टूट चुके हैं. मैकस्वीनी ने कहा, हां मैं टूट चुका हूं. ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने का मेरा सपना सच हुआ लेकिन उस तरह से नहीं, जैसे मैं चाहता था.

मैकस्वीनी को टीम में शामिल करने और टीम से बाहर करने के दोनों ही मामलों में ऑस्ट्रेलियाई सिलेकटर्स ने थोड़ी अपरिपक्वता दिखाई. 25 वर्ष के मैकस्वीनी ने पर्थ में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया लेकिन पिछली छह पारियों में उनका स्कोर 10, 0, 39, नाबाद 10, 9 और 4 रहा. उन्हें सीरीज में चार बार भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने आउट किया. सिलेक्टर्स ने यहां यह गौर नहीं किया कि मैकस्वीनी पहली बार बुमराह का सामना कर रहे थे, जिनकी गेंदों का सामना करने में बड़े से बड़े प्लेयर को परेशानी होती है. ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज माइक हसी ने मैकस्वीनी से हमदर्दी जताते हुए कहा, 'मुझे उनके लिए दुख हो रहा है. यह बहुत कठिन फैसला था.'

**बीजीटी में ऑस्ट्रेलियाई टॉप ऑर्डर के खिलाफ जसप्रीत बुमराह**

| प्लेयर | आउट | ऐवरेज |
|---|---|---|
| नाथन मैकस्वीनी | 4 | 3.8 |
| उस्मान ख्वाजा | 4 | 4.3 |
| मार्नस लाबुशेन | 2 | 3.0 |

**आंकड़ों में फेल रहे नाथन :** मैकस्वीनी को टीम में शामिल करने और टीम से बाहर करने के दोनों ही मामलों में ऑस्ट्रेलियाई सिलेक्टर्स ने थोड़ी अपरिपक्वता दिखाई. आंकड़ें की जुबानी मैकस्वीनी ने बीजीटी सीरीज की छह पारियों में महज 14.40 के औसत से रन बनाया. इस दौरान वह सिर्फ एक बार ही दहाई के आंकड़े में पहुंच सके.

### केएल राहुल के बाद दूसरे 'बेस्ट' ओपनर रहे

शुरूआती तीनों टेस्ट में केएल राहुल के अलावा वह सिर्फ दूसरे ओपनर रहे, जिस एक से ज्यादा इनिंग्स में 45 प्लस गेंदों का सामना किया. मैकस्वीनी के साथ दूसरे छोर पर अनुभवी उस्मान ख्वाजा थे और मैकस्वीनी ने अपने सीनियर साथी के मुकाबले 9 ज्यादा रन बनाए, 76 गेंदें ज्यादा खेली और दो ज्यादा बाउंड्री लगाई. फिर भी गाज मैकस्वीनी पर गिरी. वह टीम से बाहर इसलिए हुए क्योंकि बुमराह के खिलाफ उनका औसत 3.8 का रहा, वहीं उनके साथी ओपनर ख्वाजा का ऐवरेज उनसे थोड़ा बेहतर 4.3 रहा. तीसरे क्रम पर उतरने वाले 53 टेस्ट खेल चुके मार्नस लाबुशेन का बुमराह के सामने औसत 3.00 का रहा, जोकि दोनों ही ओपनर से कम है. हालांकि मैकस्वीनी ने अभी हार नहीं मानी है.

# भारत ने जीता विमेंस अंडर-19 एशिया कप




### फाइनल में बांग्लादेश को 41 रन से हराया, त्रिशा ने अर्धशतक लगाया

**एजेंसी/प्रतिदिन अखबार**

**कुआलालंपुर, 22 दिसंबर** - भारत ने विमेंस अंडर-19 एशिया कप का खिताब जीत लिया है. यह विमेंस अंडर-19 एशिया कप का पहला एडिशन है. टीम ने रविवार, 22 दिसंबर को कुआलालंपुर में बांग्लादेश अंडर-19 को 41 रन से हराया.

बांग्लादेश की कप्तान सुमैया अख्तर ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया. भारत ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 117 रन बनाए. जवाब में बांग्लादेश का नियमित अंतराल पर विकेट गिरता रहा. टीम 18.3 ओवर में 76 रन पर ऑलआउट हो गई. भारत के लिए को अर्धशतकीय पारी खेलनी वाली गोंगडी त्रिशा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.

गोंगाडी त्रिशा ने 52 रन की पारी खेली भारत के लिए गोंगाडी त्रिशा ने 47 गेंदों पर 52 रन की पारी खेली. 5 चौके और 2 छक्के जड़े. मिथिला विनोद ने 12 गेंदों पर 2 चौके और 1 छक्के की मदद से 17 रन बनाए. इन दोनों खिलाड़ियों के अलावा को अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका. बांग्लादेश के लिए फरजाना इस्मिन 31 रन देकर 4 विकेट लिए. निशिता अख्तर निशी 23 रन देकर 2 विकेट लिए. आयुषी शुक्ला ने 3 विकेट लिए बांग्लादेश के लिए जुएरिया फिरदौस ने 30 गेंदों पर 22 और फहोमिडा चोया ने 24 गेंदों पर 18 रन बनाए. भारत की ओर से आयुषी शुक्ला 17 रन देकर 3 विकेट लिए. सोनम यादव ने 13 रन देकर 2 विकेट लिए. परुनिका सिसोदिया 12 रन देकर 2 विकेट लिए. इसके वीजे जोशीता 11 रन देकर 1 विकेट लिए.

# मेलबर्न टेस्ट के लिए टीम इंडिया ने बनाया खास प्लान...

**'हेडेक' होगा दूर, प्रेस कॉन्फ्रेंस में आकाश दीप का खुलासा**

**एजेंसी/प्रतिदिन अखबार**

**मेलबर्न, 22 दिसंबर** - भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के तहत पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है. टेस्ट सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है. अब दोनों टीमों के बीच सीरीज का चौथा टेस्ट मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा. यह मुकाबला वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचने के लिहाज से भी दोनों टीमों के लिए काफी अहम है.

हेड के खिलाफ भारतीय गेंदबाजों का प्लान तैयार

मेलबर्न टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम तैयारियों में जुटी हुई है. टीम इंडिया मेलबर्न टेस्ट के लिए खास प्लान भी बना रही है, खासकर ट्रेविस हेड के लिए जो इस सीरीज में भी मेहमानों के लिए 'हेडेक' बने हुए हैं. हेड मौजूदा सीरीज में दो शतक और एक अर्धशतकों की मदद से 409 रन बना चुके हैं. भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप ने 22 दिसंबर को एमसीजी में प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया, जहां उनसे ट्रेविस हेड को लेकर सवाल पूछा गया.




आकाश दीप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जो प्लान है वो तो पूरा नहीं बता सकते. वो भी तैयार हो जाएंगे. तेज गेंदबाजों के तौर पर हम एक ही तरह की गेंदें फेंकेंगे और अपनी गेंदबाजी में अनुशासन बनाए रखेंगे. हम दोनों तरफ से गेंदबाजी करेंगे, पिच और परिस्थितियों का आकलन करेंगे और उसके अनुसार योजना बनाएंगे.

आकाश दीप कहते हैं, मैं सझता हूं कि ट्रेविस हेड खासतौर पर शॉर्ट गेंदों के खिलाफ संघर्ष करते हैं. हम उन्हें क्रीज पर जमने नहीं देंगे. हम विशेष एरिया को टारगेट करेंगे और उन्हें गलतियां करने के लिए मजबूर करेंगे, जिसके कारण हमारे लिए मौके बनेंगे. आकाश दीप ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली ने युवा खिलाड़ियों का काफी सपोर्ट किया है, जिससे उन जैसे यंग खिलाड़ियों को ये फील नहीं हो रहा कि वो पहली बार ऑस्ट्रेलिया आए हैं.

# पत्नी बन गई 'फैन गर्ल', पति अश्विन को लिखा 'लव लेटर'

### 'बोझ उतारें, खेल से इतर जीवन अपनाएं



**एजेंसी/प्रतिदिन अखबार**

**चेन्नई, 22 दिसंबर** - रविचंद्रन अश्विन की पत्नी पृथि नारायणन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने के अश्विन के फैसले के बाद भावुक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि आप अपने होने का बोझ उतारकर खेल से इतर जीवन को अपनाएं. अपनी पोस्ट को 'एक प्रशंसक का प्रेमपत्र' (लव लेटर फ्रॉम ए फैन गर्ल) करार देते पृथि ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'प्रिय अश्विन, किट बैग को एक साथ रखना न जानने से लेकर दुनिया भर के स्टेडियमों में आपका अनुसरण करना, आपका उत्साहवर्धन करना, आपको देखना और आपसे सीखना, यह सब मेरे लिए एक परम आनंद रहा है.'

**यहां तक पहुंचना आसान नहीं:** उन्होंने आगे लिखा, 'इसने मुझे यह भी दिखाया कि एक मुकाम तक पहुंचने के लिए कितना जुनून, कड़ी मेहनत और अनुशासन की जरूरत होती है. कभी-कभी यह भी पर्याप्त नहीं होता है. मुझे याद है कि हम इस वारे में वात कर रहे थे कि आपको सिस्टम में अपनी अहमियत बनाए रखने के लिए यह सब और बहुत कुछ क्यों करना पड़ा.' पृथि ने लिखा, 'पुरस्कार, बेहतरीन आंकड़े, प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार, सम्मान मायने नहीं रखता अगर आप लगातार अपने हुनर में निखार की कोशिश में नहीं लगे रहते और इतनी मेहनत नहीं करते. कई बार सब कुछ भी काफी नहीं होता .'

### गजनफर के पंजे में फंसी जिम्बाब्वे की टीम

**एजेंसी/प्रतिदिन अखबार**

**हरारे, 22 दिसंबर** - एएम गजनफर (33/5) की उम्दा गेंदबाजी से अफगानिस्तान ने शनिवार को तीसरे व अंतिम वनडे में जिम्बाब्वे को 139 गेंद रहते आठ विकेट से धो दिया. इसके साथ ही अफगानिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 2-0 से जीती. अफगानिस्तान ने इस टीम के खिलाफ लगातार छठी सीरीज जीती. जिम्बाब्वे सीन विलियम्स (60) के अर्धशतक के बावजूद 30.1 ओवर में 127 रन पर ढेर हो गया. अफगानों ने 26.2 ओवर में दो विकेट पर 131 रन बना लिए. एस अटल ने 52 और अब्दुल ने 29 रन का योगदान दिया.

### विराट कोहली के रेस्तरां को नोटिस

**एजेंसी/प्रतिदिन अखबार**

**बेंगलुरू, 22 दिसंबर** - क्रिकेटर विराट कोहली के स्वामित्व वाले बेंगलुरु स्थित रेस्तरां को अग्नि और सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किया गया. वन8 कम्यून नाम का यह रेस्तरां कस्तूरबा रोड पर काफी मशहूर है. बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका के एक अधिकारी ने बताया कि रेस्तरां में अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त उपाय नहीं किए गए हैं.

# शारीरिक क्षमता बढ़ाने के लिए क्रीडा स्पर्धा आवश्यक -प्रा. हेमंत देशमुख



**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 22 दिसंबर**- अच्छे तथा निरोगी शरीर के लिए व्यायाम आवश्यक है, उसी तरह शारीरिक क्षमता बढ़ाने के लिए क्रीडा स्पधाओं का आयोजन करना बहुत जरूरी है, ऐसी बात प्रा. डॉ.हेमंत देशमुख ने व्यक्त की. प्रा. देशमुख पुलिस क्रीडा स्पर्धा के कार्यक्रम में बोल रहे थे. अमरावती ग्रामीण पुलिस तथा जवाहर क्रीड़ा मंडल राजापेठ, अमरावती के संयुक्त सहयोग से 19 दिसंबर को स्थानीय जवाहर क्रीड़ा मंडल' राजापेठ में 35 वीं अमरावती परिक्षेत्रीय पुलिस क्रीडा स्पर्धा का आयोजन किया गया. इस क्रीडा स्पर्धा का उद्घाटन हेमंत देशमुख अध्यक्ष जवाहर क्रीडा मंडल तथा कोषाध्यक्ष विदर्भ यूथ वेलफेयर सोसाइटी के हाथों किया गया. इस मौके पर पंकज कुमावत (आई पी एस.) अपर पुलिस अधीक्षक मुख्य रूप से उपस्थित थे.

**35 वीं अमरावती परिक्षेत्र पुलिस क्रीडा स्पर्धा**

प्रतियोगिता में अमरावती डिवीजन के पुलिस बल के प्रतियोगियों ने पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लिया. प्रतियोगिता की सफलता के लिए जवाहर स्पोर्ट्स बोर्ड के सचिव अंकुश एलगुंडे, शिवाजी आवठे, अनूप अग्रवाल, पंकज कापसे, रोशन कडू, अमित दुर्गे, सारंग ठाकरे, चेतन कुलकर्णी, सुमित देवतले, दीपाली खेडकर, कुशल बोबडे, शशिकांत निराले (एपीआई) पुलिस बल के स्वप्निल निराले (एपीआई), कपिल मिश्रा (पीएसआई) ने अथक परिश्रम किए.

प्रतियोगिता के मुख्य रेफरी के रूप में लक्ष्मीकांत मेश्राम (नागपुर) ने काम देखा. आभार प्रदर्शन अंकुश एलगुंडे ने किया.

# सचिन भी गांव की बच्ची के गेंदबाजी एक्शन के कायल






**एजेंसी/प्रतिदिन अखबार**

**प्रतापगढ़, 22 दिसंबर** - राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के छोटे से गांव रामेर तालाब पिपलिया की 12 वर्ष की सुशीला मीणा अपने गेंदबाजी एक्शन को लेकर सुर्खियों में है. क्रिकेट की शौकीन पांचवीं कक्षा की छात्रा मीणा का गेंद फेंकने से पहले कूदना पूर्व भारतीय पेसर जहीर की गेंदबाजी शैली की याद दिलाता है. गेंदबाजी करते उनका वीडियो वायरल होने के बाद क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर भी खुद को इस बच्ची की तारीफ करने से रोक नहीं पाए. यही नहीं खुद जहीर भी उसकी इस तकनीक के कायल हुए बिना नहीं रहे. सचिन ने शुक्रवार को एक्स पर सुशीला का वीडियो साझा किया. उन्होंने जहीर को भी वीडियो में टैग किया. शतकों के इस शंहशाह ने लिखा, शानदार. देखने में मजा आया. सुशीला के गेंदबाजी एक्शन में तुम्हारी झलक है जहीर. क्या तुम्हे भी लगता है. जवाब में जहीर ने लिखा, बिल्कुल. मैं भी सहमत हूं. इसका एक्शन इतना प्रभावी और शानदार है. काफी प्रतिभावान लग रही है. तेंदुलकर और जहीर के बीच सोशल मीडिया की इस बातचीत पर अब तक लाखों व्यूज आ चुके हैं. कारपोरेट जगत से सुशीला की ट्रेनिंग के लिये मदद का प्रस्ताव भी आया है. सुशीला के घर तक कुछ मीडियाकर्मी भी पहुंचे. उनके साथ चर्चा में सुशीला ने कहा कि वे खेल में कुछ करके अपने देश का नाम रोशन करना चाहती हैं.